राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–291/2023

राज्यपाल ने दीपावली के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 11 नवम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने दीपावली के अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि दीपों का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा है कि यह स्वच्छता और प्रकाश का पर्व है। इस अवसर पर हम अपने अंतःकरण को स्वच्छ कर उसे सत्य, प्रेम और ज्ञान के दीप से आलोकित करने का संकल्प लें।

राज्यपाल ने इस त्योहार के अवसर पर बिहारवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना की है तथा सुरक्षित, प्रदूषणमुक्त और पर्यावरण के अनुकूल दीवाली मनाने का आवाहन किया है।

....